इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शनिवार, 28 जून 2025
वर्ष 17 अंक 292 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

> मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि हमारे देश की प्रमुख समस्याएं गरीबी, अशिक्षा, बीमारी, कुशल उत्पादन एवं वितरण सिर्फ समाजवादी तरीके से ही की जा सकती है।
> -सुभाष चन्द्र बोस

तापमान - अधिकतम 38.3°C (+2.2) न्यूनतम 29.0°C(+2.6) सेंसेक्स 84,058.90 (+303.03) निफ्टी 25,637.80 (+088.80) सोना 98,170 चांदी 1,07,900 मुद्रा - डालर 86.45 दिरहम 23.27 रियाल 22.78



# एरा विवि ने सीबीएमआर एसजीपीजीआई के साथ किया एमओयू

**एमओयू का उद्देश्य अकादमिक व शोध सहयोग को बढ़ावा देना, संयुक्त शोध गतिविधियों का आयोजन करना**

लखनऊ (ब्यूरो)। एरा यूनिवर्सिटी ने बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर (सीबीएमआर) एसजी पीजीआई परिसर लखनऊ के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य अकादमिक और शोध सहयोग को बढ़ावा देना, आपसी हित के क्षेत्रों में संयुक्त शोध गतिविधियों का आयोजन करना, संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों और छात्रों को अकादमिक यात्राओं के लिए आदान-प्रदान करना है, जो एरा यूनिवर्सिटी और सीबीएमआर के आपसी लाभ में योगदान देगा।



बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर (सीबीएमआर) एसजीपीजीआई कैंपस लखनऊ उत्तर प्रदेश सरकार के तहत एक स्वायत्त निकाय है। यह केंद्र भविष्य की दवा और उपचार विकसित करने के लिए जीव विज्ञान के साथ छोटे अणु संश्लेषण को जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करता है। सीबीएमआर का उद्देश्य राष्ट्रीय संसाधनों के उचित उपयोग के लिए आवधिक सतत-शिक्षा कार्यक्रमों के साथ विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और औद्योगिक संगठनों तक पहुंचना भी है। सीबीएमआर के साथ समझौता ज्ञापन पर एसजीपीजीआई परिसर, रायबरेली रोड, लखनऊ के सीबीएमआर के निदेशक प्रोफेसर आलोक धवन और एरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ. अब्बास अली महदी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सीबीएमआर के डॉ. भूपेंद्र तिवारी, डॉ. हिमांशु चौधरी और एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ के एमओयू सेल के नोडल अधिकारी डॉ. तबरेज जाफर और डॉ. इसरार भी मौजूद थे। प्रो. महदी ने सीबीएमआर के अधिकारियों को एरा यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध और नवाचार में की गई प्रगति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एरा यूनिवर्सिटी में अपनाए गए रोगी देखभाल और शिक्षण के नवीन तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया।